बैठक — नवागत कलेक्टर ने बैठक में कहा-जनसमस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशील बने अधिकारी

# विकसित होंगे नमो पार्क, नमोवन और नमो उपवन



**नवभारत, कटनी।** जिले के नवागत कलेक्टर आईएएस आशीष तिवारी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया और फिर अधिकारियों से परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से तत्काल निराकरण करें और सीएम हेल्पलाइन में लंबित समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता सेवा पखवाड़ा और राष्ट्रीय पोषण माह और स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए शासन के निर्देशानुसार संबंधित विभाग व्यवस्थित आयोजन करें। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करें। मैदानी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अधिकारी उन्हें सीधे बताएं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान, स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान और पोषण माह के तहत सभी संबंधित विभागों द्वारा दायित्वों का निर्वहन करते हुए चिन्हित गतिविधियों का सफल आयोजन करने के निर्देश दिए। इन सभी अभियानों के क्रियान्वयन में सभी जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को भी अवश्य आमंत्रित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान आमजन की सक्रिय सहभागिता हो और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अवधि के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के दौरान चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाए। जिसमें लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती माताओं की जांच सहित सभी कार्य होने चाहिए। साथ ही सभी नगरीय निकायों, नगर निगम व नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों और स्कूल, कॉलेजों, अस्पतालों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान गतिविधियों के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण भी किया जाए। नमो पार्क, नमोवन और नमो उपवन भी विकसित किया जाए।

कलेक्टर ने इसके अलावा स्कूलों, कॉलेजों में विकसित भारत थीम पर चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता व संगोष्ठी का आयोजन भी कराएं। कलेक्टर ने स्कूलों में छात्रों की आपार आईडी और आभा आईडी भी इन अभियान के दौरान प्राथमिकता के साथ बनाने के निर्देश शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।



# यात्री प्रतिक्षालय से टकराया बेलगाम हाइवा

ढीमरखेड़ा-उमरियापान मार्ग में हुआ हादसा, पांच घायल, एक गंभीर

**नवभारत कटनी।** ढीमरखेड़ा से उमरियापान के बीच सड़क किनारे बने यात्री प्रतिक्षालय से एक बेलगाम तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर टकरा गया। जिसके कारण पांच लोग घायल हो गए हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेते हुए हाइवा को जब्त कर लिया है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि एक तेज रफ्तार हाइवा बेलगाम होकर उमरियापान मार्ग पर स्थित ढीमरखेड़ा शासकीय तिलक कॉलेज के पास स्थित यात्री प्रतिक्षालय से टकरा गया। जिसके कारण बारिश से बचने के लिए यात्री प्रतीक्षालय में बैठे पांच लोग घायल हो गए हैं। घायलों में पौड़ी कला निवासी सुभाष चौधरी पिता श्यामलाल (37) झिर्री गांव निवासी अरुण प्रताप सिंह पिता जगदेव सिंह (20), मंगेली उमरियापान निवासी रागिनी कुमारी पिता नरेश सिंह (13) नरेश पिता चैन सिह (45), अंकित कुर्मी पिता रमेश कुर्मी (18) घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में भर्ती कराया गया। घायल हुए सुभाष चौधरी की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र निवासी चालक रविंद्र पिता हलक सिंह (20) को गिरफ्तार कर हाइवा जब्त कर लिया है।

## एक नजर में



### वीरांगना अवंतीबाई लोधी, शंकर शाह, रघुनाथ शाह की जयंती पर 18 को होगा सम्मेलन

**नवभारत, बाकल।** अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की जयंती और शहीद समाज सुधारक सिरोमणि अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह की बलिदान दिवस स्मृति पर 18 सितम्बर को सामाजिक न्याय और भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा, ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में वीरांगना अवंतीबाई लोधी बस स्टैंड बहोरीबंद के पास स्थित मैदान में होगा। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशेष अतिथियों में मध्यप्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जयस संयोजक विधायक हीरा लाल अलावा, पूर्व विधायक आरडी प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटिया, लालकमल बंसल, ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य धर्मेन्द्र कुशवाहा, पूर्व अजाक्स जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, ब्रजलाल पटेल, अजाक्स जिला अध्यक्ष अरविन्द सिंह धुर्वे, देव सिंह सहित काफी संख्य में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर वीरांगना अवंतीबाई लोधी, शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को स्मरण कर समाज में एकता, भाईचारा और सामाजिक न्याय का संदेश देंगे। आयोजको ने जिले भर के सामाजिक बंधुओं, कार्यकर्ताओं और युवाओं से काफी संख्या में शामिल होकर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कहा है।

# 23 और 24 को पारिवारिक गरबा उत्सव का आयोजन

इस गरबा उत्सव के रंग, मीडिया पार्टनर नवभारत के संग




**नवभारत, कटनी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन द्वारा इस वर्ष भी पारिवारिक गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 23 और 24 सितम्बर को आदर्श कॉलोनी स्थित मुहूर्त मैरिज गार्डन में किया जाएगा। आयोजन मंडल ने बताया कि इस पारिवारिक गरबा उत्सव में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, उपहार, पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन पूरी तरह सांस्कृतिक और पारिवारिक माहौल में होगा, जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल होकर नवरात्रि की उमंग और उल्लास का आनंद उठा सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए विशेष गरबा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 से 20 सितम्बर 2025 तक किया जाएगा। जालपा देवी मंदिर के पास यादव कंपाउंड के सेकंड फ्लोर में दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक और शाम पांच बजे से रात सात बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजक मंडल ने बताया कि समूह नृत्य-गरबा प्रतियोगिता में सिर्फ वही प्रतिभागी हिस्सा ले पाएंगे, जिन्होंने प्रशिक्षण में भाग लिया होगा। उत्सव में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क तीन सौ रूपए रखा गया है। आयोजक मंडल ने बताया कि सीमित सीटे होने के कारण इच्छुक प्रतिभागी जल्द से जल्द पंजीयन कराएं। आयोजन समिति ने बताया कि इस गरबा उत्सव का उद्देश्य समाज के परिवारों को एक साथ जोड़ना और नवरात्रि के धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व को सहेजना है। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए अलग-अलग आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्मृति-चिह्न और उपहार भी दिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए और पंजीयन के लिए रजत जैन 7999398089, दीपाली गुप्ता 6261618868, हितेश बिलैया 9926986793, अंशुल बहरे, 9826943351 से संपर्क किया जा सकता है।

# एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने किया वॉटर चार्ज, गिरफ्तार भी हुई

छात्रों की मांगों को लेकर तिलक कॉलेज में किया गया प्रदर्शन



**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई द्वारा सोमवार को शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनोमस किए जाने सहित सातों मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर चार्ज कर दिया और इस छात्रों को हल्का बल प्रयोग कर रोका। इस दौरान कुछ छात्र नेताओं की गिरफ्तारी भी की गई।

प्रदेश सचिव एनएसयूआई अजय खटिक और छात्र नेता अभिषेक प्यासी के नेतृत्व में काफी संख्या में छात्रों ने हुंकार भरी। छात्रों की सात सूत्रीय मांगें जिसमें शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनॉमस किए जाने, कॉलेज में एलएलबी, बीए एलएलबी कोर्स प्रारम्भ कराए जाने, महिला छात्रावास की फीस में कटौती किए जाने, परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी रोकने, शिक्षा बजट कटौती और छात्रवृत्ति रोक बंद करने, लंबे समय से बंद पड़ी बस को निशुल्क कर प्रारंभ करने, गर्ल्स कॉमन रूम को दोबारा प्रारंभ करने की मांग की गई।

प्रदर्शन कारी मांगों को पूरा करने लिए उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र नेता तिलक कॉलेज के अंदर प्रवेश करने का प्रयास करने लगे, तभी पुलिस ने वॉटर केनन से पानी की बौछार कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस ने छात्रों हल्का बल प्रयोग करते हुए रोका। प्रदर्शनकारियों के नहीं रूकने पर पुलिस ने कुछ छात्र नेताओं को गिरफ्तार भी किया और उन्हें एनकेजे पुलिस थाने ले गई। प्रदर्शन के दौरान कॉलेज प्राचार्य द्वारा मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया और बताया की ऑटोनोमस की मांग पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। विरोध प्रदर्शन प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल पांडेय, आईटी सेल प्रदेश महासचिव सूर्यकांत कुशवाहा, शशांक गुप्ता, सचिन गर्ग, ऋषि सिन्हा, प्रिंस वंशकार, कृष्णा दुबे, प्रज्ज्वल साहू, सौरभ पांडे, सत्यम दवेदी, अतुल पटेल, अनुराग पटेल, बिट्टन तिवारी, करन वर्मा, राजन साहू, प्रवीण सिंह, निखिल उपाध्याय, अंकित रजक सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

### जिले में अब तक 1034 मिमी बारिश

**नवभारत कटनी।** जिले में अब तक 1034.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले वर्ष अब तक की स्थिति में 1007.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष की तुलना में 2.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी में 1129.6, रीठी में 1378.4, बड़वारा में 913, बरही 906, विजयराघवगढ़ में 890.7, बहोरीबंद में 908.6, स्लीमनाबाद में 1198.6, ढीमरखेड़ा में 946.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# तीन दिन में आवास खाली करने का अल्टीमेटम

नगर निगम ने की कार्रवाई, खाली कराए गए अवैध कब्जे



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की टीम ने आईएचएसडीपी योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती में बनाए गए आवासों में अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा करने वाले चार कब्जेधारियों को हटाने की कार्रवाई की है। नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर की है। कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए तीन दिर का समय दिया गया है। तीन दिन में कब्जा खाली नहीं करने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उन्हें आवासों से बेदखल कर दिया जाएगा। नगर निगम के नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आईएचएसडीपी आवासों के ब्लॉक सी और डी में सभी अवैध कब्जो को खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है।

सी-6, सी-11, सी-12 ,सी-15, भवनों का पंचनामा तैयार करते हुए अनधिकृत कब्जे हटाकर आवासों को खाली कराने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कब्जाधारियों को तीन दिन मकान खाली करने की सुविधा दी गई है। इस दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# चोरी की नियत से रैकी कर रहे तीन युवकों को कॉलोनीवासियों ने पकड़ा

श्री कृष्णधाम कॉलोनी में वारदात के प्रयास, पुलिस ने शुरू की जांच



**नवभारत, कटनी।** श्रीकृष्ण धाम कॉलोनी परिसर में संदिग्ध रूप से घूम रहे तीन युवकों को स्थानीय निवासियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि तीनों युवक चोरी की नियत से कॉलोनी में रैकी कर रहे थे।

संदेह होने पर तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में उचित जवाब नहीं देने पर तीनों को पुलिस को सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई द्वारा की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी पुष्पेंद्र गौतम ने तीन युवकों की हरकत पर तत्काल ध्यान दिया और सक्रियता दिखाते हुए श्रीकृष्ण धाम कॉलोनी सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक तिवारी और अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद कॉलोनी वासियों ने एकजुट होकर तीनों को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्धों को अपने साथ थाने ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ये युवक आसपास की गलियों में लगातार चक्कर काट रहे थे, जिससे लोगों को शक हुआ।

कॉलोनीवासियों ने आमजन से कहा है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस और कॉलोनी के जिम्मेदार लोगों को दें। साथ ही स्वयं न्याय की प्रणाली से बचें। कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना देकर वैधानिक कार्रवाई कराएं।
















अभियान — सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों के संबंध में नगर निगम आयुक्त ने की बैठक, दिए अधिकारियों के निर्देश

# प्लास्टिक कचरा मुक्त होंगे पूजा पंडाल, एक दिन, एक घंटा, एक साथ कराई जाएगी स्वच्छता



**नवभारत,कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों और सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक में 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा विविध गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को सुशासन का भरपूर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान नागरिको की सेवा और सुविधा से जुड़े विभिन्न कार्यों सहित स्वच्छता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। सेवा समर्पण और सुशासन के लिए राज्य सरकार के संकल्प के तहत आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जाएगा।

निगमायुक्त ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत तालाबों, नदियों, जल स्त्रोतों के आसपास, धार्मिक स्थलों, हाट बाजार, सार्वजनिक शौचालयों आदि की सफाई हेतु सामूहिक स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किए जाने के लिए नागरिकों को प्रदर्शन के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कचरा वाहनों के माध्यम से माइकिंग ऑडियो द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किए जाने के लिए संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

इसके अलावा विकसित भारत केन्द्रित रचना पाठ और संगोष्ठी, धार्मिक गतिविधियों, पूजा पंडालों में जीरो वेस्ट प्लास्टिक कचरा मुक्त आयोजन को प्रोत्साहित करना, सिर्फ दोना पत्तलों का उपयोग, सुरक्षित निपटान, कचरे से कलात्मक गतिविधियां, क्लीन ग्रीन उत्सव इको फ्रेन्डली, सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन मुक्त उत्सव, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, एडवोकेसी फार स्वच्छता के अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शपथ और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता के कार्यों में सभी की सामूहिक भागीदारी के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस दौरान जन प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रहेगी।

बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता, सहायक यंत्री आदेश जैन, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, उपयंत्री मोना करेरा, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक, निशांत कनौजिया सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।